RMV अनुवाद प्रमाणीकरण आवश्यकताएँ

RMV उन दस्तावेजों को स्वीकार करेगा जो अंग्रेजी में नहीं हैं यदि उनके साथ प्रमाणित अनुवाद हो। अनुवाद और प्रमाणीकरण दोनों को प्रमाणित करने वाली इकाई के लेटरहेड पर प्रिंट किया जाना चाहिए।

दस्तावेज़ों को इनके द्वारा प्रमाणित किया जा सकता है:	प्रमाणपत्रों में ये अवश्य शामिल होने चाहिये:
• भाषा सेवा प्रदाता • किसी मान्यता प्राप्त मैसाच्सेट्स कॉलेज, विश्वविद्यालय या निजी भाषा स्कूल में द्विभाषी शिक्षक • द्विभाषी नोटरी पब्लिक • दस्तावेज़ के मूल देश का स्थानीय वाणिज्य दूतावास* • अमेरिकन ट्रांसलेटर्स एसोसिएशन (पेशेवर अनुवादकों और द्भाषियों का राष्ट्रीय संघ) • समुदाय आधारित संगठन • अमेरिकी सरकारी एजेंसी (राज्य या संघीय) • मैसाच्सेट्स म्युनिसिपल एजेंसी • गैर-लाभकारी संगठन	• अनुवादक का नाम (प्रिंट किया गया) • तारीख • अनुवादक का पूरा पता • अनुवादक का टेलीफोन नंबर या ईमेल पता • अनुवादक के हस्ताक्षर • अनुवादक की योग्यता का विवरण। • दस्तावेज़ की पूर्णता और सटीकता की पुष्टि करने वाला बयान। • अनुवादित दस्तावेज़ और भाषा की पहचान।

* ध्यान दें कि सभी वाणिज्य दूतावास अनुवाद सेवाएँ प्रदान नहीं करते हैं। RMV के पास अनुवाद प्रमाणन टेम्पलेट है जो Mass.gov/doc/translation-certification-format/download पर उपलब्ध है।

ध्यान दें कि "Translation into English of a Foreign License" नामक फॉर्म लर्नर परमिट या मानक ड्राइवर लाइसेंस के लिए आवेदन के हिस्से के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है। परमिट या लाइसेंस आवेदन के हिस्से के रूप में अनुवाद प्रमाणन प्रदान करने के लिए, "Translation Certification Format" फ़ॉर्म का उपयोग करें।